# गोविन्द गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय,बाँसवाड़ा

**Phone: 02962-244022 Email :registrar@ggtu.ac.in**


क्रमांक :– एफ ( ) गोगुजवि / बांस / 2017–18 / परीक्षा / 1009 दिनांक : 30/10/17

## अधिसूचना संख्या –01

### ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र 2018

विश्वविद्यालय परीक्षा 2018 के निम्नलिखित पाठ्यक्रमों के नियमित / स्वयंपाठी परीक्षार्थियों से ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र एवं नामांकन आवेदन पत्र वेबसाईट www.ggtu.ac.in / www.ggtuexam.com पर भरने एवं महाविद्यालय में जमा करवाने की अन्तिम तिथियॉ निम्नानुसार है–:

| क्र. सं. | पाठ्यक्रम का नाम | केटेगरी | आवेदन पत्र भरने की प्रारम्भ तिथि | आवेदन पत्र भरने की अन्तिम तिथि | आवेदन पत्र की हार्ड प्रति महाविद्यालय में जमा करवाने की अन्तिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | **स्नातक प्रथम वर्ष (वार्षिक)** बी.ए., बी.एस.सी., बी.कॉम., एल.एल.बी., बी.सी.ए. | नियमित / स्वयंपाठी | 01 नवम्बर 2017 प्रातः 10.00 बजे से | 15 नवम्बर 2017 रात्रि 12.00 बजे तक | 20 नवम्बर 2017 सायं 05.00 बजे तक |
| 02 | **स्नातकोत्तर पूर्वार्द्ध (वार्षिक)** एम.ए., एम.कॉम. | नियमित / स्वयंपाठी | | | |
| 03 | **डिप्लोमा कोर्स** पीजीडीसीए, पीजीडी योगा | नियमित | | | |
| 04 | **सेमेस्टर (प्रथम)** एम.ए., एम.एस.सी., एम.बी.ए, बी.बी.ए. | नियमित | | | |

परीक्षा आवेदन पत्र भरने हेतु दिशा निर्देश एवं परीक्षा फीस का विवरण विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.ggtu.ac.in पर उपलब्ध है।

**सामान्य निर्देश**

1. ऑनलाईन आवेदन पत्र परीक्षार्थी द्वारा विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर दिये गये http://www.ggtuexam.com के माध्यम से स्वयं द्वारा / ई–मित्र–कियोस्क / नोडल कॉलेज के माध्यम से भरा जा सकता है।
2. विश्वविद्यालय परीक्षा शुल्क ऑनलाईन जमा कराने की व्यवस्था ई–मित्र–कियोस्क / नोडल कॉलेज / नेट बेंकिंग / क्रेडिट कार्ड / डेबिट कार्ड के माध्यम से रहेगी।
3. स्नातक प्रथम वर्ष हेतु आवेदन करने वाले परीक्षार्थियों में माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर से उच्च माध्यमिक परीक्षा उत्तीर्ण एवं स्नातकोत्तर पूर्वार्द्ध हेतु आवेदन करने वाले परीक्षार्थियों में मोहनलाल सुखाडिया विश्वविद्यालय, उदयपुर से स्नातक उत्तीर्ण परीक्षार्थी पात्रता शुल्क से मुक्त रहेंगे।
4. समस्त आवेदकों को नामांकन (Enrollment) करवाना अनिवार्य होगा। जिसके लिये माइग्रेशन प्रमाण पत्र आवश्यक रहेगा।
5. स्नातक कला में वैकल्पिक विषय के रूप मे विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित विषय संयोजन में से किन्ही तीन विषयों का चयन करना होगा। जिसमें तीन साहित्य एवं तीन प्रायोगिक विषय चयन करने की अनुमति नहीं होगी। स्वयंपाठी परीक्षार्थियों को प्रायोगिक विषय चयन की अनुमति नहीं हैं।
6. एक बार परीक्षा शुल्क जमा होने के पश्चात् किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं लौटाया जायेगा।
7. छात्र ऑनलाईन आवेदन पत्र की हार्डकॉपी, परीक्षा शुल्क के चालान की मूल प्रति एवं वांछित आवश्यक दस्तावेजों की सत्यापित प्रतिलिपियों को नियमित छात्र अपने अध्ययनरत महाविद्यालय में तथा स्वयंपाठी छात्र विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित नोडल महाविद्यालय पर निर्धारित अवधि में जमा करवाना सुनिश्चित करें।

30.10.17
परीक्षा नियन्त्रक

क्रमांक :– एफ ( ) गोगुजवि / बांस / 2017–18 / परीक्षा / 1009-1018 दिनांक : 30/X/017
**प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु निम्न को प्रेषित है–**

1. निजी सचिव, माननीय कुलपति महोदय, गोविन्द गुरू जनजातीय विश्वविद्यालय, बाँसवाड़ा।
2. प्राचार्य सम्बद्ध महाविद्यालय को प्रेषित कर लेख है कि–
   - जिन परीक्षार्थियों द्वारा परीक्षा आवेदन पत्र पूर्ण रूप से भरकर महाविद्यालय मे जमा करवाये गये है, उनके आवेदन पत्र एवं परीक्षा शुल्क चालान प्रति मय वांछित संलग्नकों के अंग्रेजी वर्णानुक्रम में कक्षावार / महाविद्यालयवार सूची तैयार करके हार्ड कॉपी महाविद्यालय मे जमा करवाने की अन्तिम तिथि से दस दिवस के अन्दर विश्वविद्यालय कार्यालय में जमा करवाना सुनिश्चित करें।
   - परीक्षार्थी द्वारा महाविद्यालय मे जमा करवाये गये आवेदन की मूल दस्तावेजों के साथ जाँच उपरान्त महाविद्यालय अपने कॉलेज पेनल पर आवश्यक कार्यवाही पूर्ण करना सुनिश्चित करें।



Scanned by CamScanner

3. समस्त प्राचार्य नोडल महाविद्यालय को प्रेषित कर लेख है कि–

- आपके महाविद्यालय को स्वयंपाठी परीक्षार्थियों के लिए विश्वविद्यालयी परीक्षा 2018 के लिये ऑनलाईन आवेदन एवं परीक्षा शुल्क हेतु आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण करने हेतु अधिकृत किया गया है।
- स्वयंपाठी परीक्षार्थी आपके महाविद्यालय में आवेदन हेतु वांछित दस्तावेज एवं परीक्षा शुल्क जमा करवायेगा। जिसकी प्राप्ति रसीद आपके द्वारा विद्यार्थी को दी जायेगी।
- ऑनलाईन आवेदन की समस्त प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद स्वयंपाठी छात्रों से प्राप्त परीक्षा शुल्क समेकित करके विश्वविद्यालय के अधिकृत बैंक में आपके द्वारा जमा करवाया जायेगा एवं बैंक से प्राप्त चालान की प्रति सभी सम्बन्धित तक पहुचाना सुनिश्चित करें।
- स्वयंपाठी छात्रों के आवेदन की प्रक्रिया में महाविद्यालय ई–मित्र हेतु तय शुल्क ही वसुल करेगा। महाविद्यालय में आवेदन प्राप्ति के 3 दिवस मे यह समस्त प्रक्रिया पूर्ण करना अनिवार्य है।
- स्वयंपाठी छात्रों के आवेदन अग्रेषण के लिए विश्वविद्यालय नियमानुसार महाविद्यालय को भुगतान किया जाएगा।

4. कुलसचिव / नियंत्रक ( वित्त ), गोविन्द गुरू जनजातीय विश्वविद्यालय, बाँसवाड़ा।
5. श्री निशान्त श्रीवास्तव, वेब संचालक, अधिसूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करें।
6. अनुभाग अधिकारी गोपनीय / परीक्षा विभाग, गोविन्द गुरू जनजातीय विश्वविद्यालय, बाँसवाड़ा।
7. माइक्रोटेक इन्फोटेक सर्विसेस प्राइवेट लि. अजमेर, को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।
8. सूचना प्रोद्योगिकी विभाग,राजस्थान, जयपुर प्रोग्रामर (ई–मित्र) कार्यालय जयपुर को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।
9. नोटिस बोर्ड पर विज्ञप्ति चस्पा करते हुए सूचित किया जाता है की परीक्षा सम्बन्धी जानकारी के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाईट का निरन्तर अवलोकन करें तथा इसके अतिरिक्त कार्यालय समय में प्रातः 11.00 बजे से सायं 05.00 बजे तक के बीच उपरोक्त वेबसाईट पर प्रदर्शित हैल्प लाईन नम्बर पर भी सम्पर्क किया जा सकता है।

30.10.17

परीक्षा नियन्त्रक

Scanned by CamScanner